रोहतक

शुक्रवार, 20 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी+दशमी वर्ष : 29, अंक : 140
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 39.8
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,361.87 | 82.79 ▼ |
| निफ्टी | 24,793.25 | 18.80 ▼ |

| धातु | कीमत | कमजोर |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,560/- | 150/- ▼ |
| चांदी | 1,07,200/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.73 | 30 पैसे ▼ |
| कूड ऑयल | 76.90/ बैरल | 0.26% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

### अंदर के पन्नों पर

- फतेहाबाद, हिसार व सिरसा में रोडवेज की हड़ताल खत्म पेज-6
- छठी जूनियर ब्वॉयज-गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप पेज-9
- भारत में हिंसा फैला रहे खालिस्तानी चरमपंथी पेज-10

## जज के घर कैश : समिति ने कहा-स्टोर रूम पर जज व उसके परिवार का ही कंट्रोल

# जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

# जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर 'गुप्त या सक्रिय नियंत्रण' था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश थे व उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था।

**खास बातें**

■

**जस्टिस वर्मा का व्यवहार बेहद बुरा, स्टोर रूम से भारी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी**

जस्टिस वर्मा ने समिति के सामने जले नोट बरामद किए जाने के मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि विचाराधीर भंडार कक्ष उनके रिहासी क्वार्टर का हिस्सा नहीं था, बल्कि एक अप्रयुक्त भंडारण स्थान था। इसे अन्य कर्मचारी यूज करते थे।

### महाभियोग चलाने की सिफारिश

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है। जांच समिति ने 64-पृष्ठ की अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'इस प्रकार समिति का मानना है कि नकदी राशि राष्ट्रीय राजधानी के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थिति आवास के भंडार कक्ष में पाया गया था, जो आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति वर्मा के कब्जे में था। इतना ही नहीं, भंडार कक्ष पर न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था।'

### आरोपों में पर्याप्त तथ्य

रिपोर्ट के अनुसार, 'सशक्त अनुमानात्मक साक्ष्य के माध्यम से यह स्थापित होता है कि जले हुए नोट 15 मार्च 2025 को तड़के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास के भंडार कक्ष से निकाले गए थे।' रिकॉर्ड पर मौजूद प्रत्यक्ष और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, यह समिति दृढ़ता से इस बात पर सहमत है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के 22 मार्च के पत्र में वर्णित आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं और कदाचार साबित पाया गया है। यह कदाचार इतना गंभीर है कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की कार्यवाही शुरू करने की आवश्यकता है...।'



### कोई भी कमी विश्वास को खत्म करेगी

न्यायिक कार्यालय का अस्तित्व आम नागरिकों के विश्वास पर आधारित है और इस विश्वास की गुणवत्ता न्यायाधीश द्वारा न केवल न्यायालय के अंदर बल्कि न्यायालय के बाहर प्रदर्शित व्यवहार और आचरण से जुड़ा होता है। न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की सिफारिश करते हुए समिति ने कहा है, 'इस संबंध में कोई भी कमी जनता के विश्वास को खत्म कर सकती है, जिसे सख्ती से देखा जाना चाहिए।' तीन-सदस्यीय समिति में न्यायमूर्ति नागू के अलावा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन भी शामिल थे।

## ए. श्रीनिवास बने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) को बदल दिया। सरकार की ओर से आईएएस पंकज अग्रवाल की जगह 2004 बैच के आईएएस ए श्रीनिवासन को प्रदेश का मुख्य निवाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इससे पहले ए श्रीनिवासन एनर्जी डिपार्टमेंट में सेक्रेटरी और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में मैनेजिंग डायरेक्टर की जिम्मेदारी देख रहे थे। अग्रवाल की ये नियुक्ति पिछले साल जुलाई में ही हुई थी। उन्हीं की देखरेख में हरियाणा विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। जिसमें बीजेपी ने जीत कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है।

### खबर संक्षेप

### यूएस में विदेशी छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी छात्रों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। विभाग ने कहा, वाणिज्य दूतावासों के अफसर उन पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे जिन्हें अमेरिका, संस्कृति, संस्थानों या संस्थापक सिद्धांतों के लिए शत्रुतापूर्ण माना जा सकता है। भाषा

### पटनायक होंगे कनाडा में भारत के अगले उच्चायुक्त!

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने की हालिया पहल की पृष्ठभूमि में अनुभवी राजनयिक दिनेश के. पटनायक को वहां नया उच्चायुक्त नियुक्त किए जाने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं, स्पेन में जयंत खोबरागढ़े को अगला राजदूत नियुक्त किया जा सकता है। वे वर्तमान में दक्षिण एशियाई आशियान देशों में भारत के राजदूत हैं। भाषा

## पूर्व कांग्रेस विधायक धर्मसिंह छौक्कर को अंतरिम जमानत



1500 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित है छौक्कर

**12 दिन बाद फिर सरेंडर करना होगा**

■

**आज सुबह 10 बजे जेल से बाहर आएगा**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पानीपत के समालखा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को गुरुवार को अंतरिम जमानत मिल गई। ईडी ने 1500 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में 5 मई 2025 की रात को दिल्ली के होटल से उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने छौक्कर को धक्का मारकर गिराया था और कुर्ता भी फाड़ दिया था। इससे उन्हें चोट लगी थी। इसी के इलाज के लिए जमानत मिली है। वह शुक्रवार सुबह 10 बजे जेल से बाहर आएंगे। हालांकि, उन्हें 1 जुलाई को फिर सरेंडर करना होगा। उन्होंने नियमित जमानत के लिए भी याचिका लगाई हुई है, जिस पर 3 जुलाई को सुनवाई होगी। छौक्कर की गिरफ्तारी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिसमें ईडी टीम उन्हें धक्का देकर गिराते हुए दिख रही है। इस मामले में छौक्कर का बेटा सिकंदर छौक्कर अब भी न्यायिक हिरासत में है।

## अब राहुल गांधी का नया पता लुटियंस जोन का सुनहरी बाग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को उनका सामान '5 सुनहरी बाग रोड' पर पहुंचाया जाना शुरू हो गया, जो उनका नया आवास होगा। सूत्रों ने बताया कि अभी कुछ दिनों तक उनके सामान को वहां पहुंचाया जाएगा और संभव है कि 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले वह इस बंगले में विधिवत रहना शुरू कर दें। राहुल 55 साल के हो गए। उनका जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य और नेता प्रतिपक्ष हैं।




# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

## योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



**विश्व के सबसे बड़े योग गुरु**
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें

आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे
INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे

### "जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ''जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरुकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।



**नायब सिंह सैनी**
मा0 मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार
मुख्य अतिथि
**योग दिवस समारोह**
21 जून, 2025
स्थान- ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा
समय- सुबह 5 से 7:30 बजे तक

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धिः अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। **"Prosperity for Charity":** पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांतिः निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

**शोध और समाधानः विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बनेः सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए, अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# उच्च शिक्षा की राह अब हुई आसान

एजुकेशन लोन पर मिल रहा ऋण ब्याज अनुदान

## मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

(अधिक जानकारी के लिए https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**सुविचार**

नफरत को हजार मौके दो
कि वो प्रेम में परिवर्तित हो जाए,
लेकिन प्रेम को एक भी मौका मत दो,
कि वो नफरत में बदल जाए।

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# 4 राज्यों की 5 सीटों पर 69.85% वोटिंग

**बंगाल की कालीगंज सीट पर सबसे अधिक 70 प्रतिशत मतदान**

**लुधियाना/अहमदाबाद(भाषा)।** पंजाब, पश्चिम बंगाल, गुजरात और केरल विधानसभा की पांच सीट पर बृहस्पतिवार को उपचुनाव हुए, जिसमें पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर शाम पांच बजे तक सबसे अधिक करीब 70 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर उपचुनाव शांतिपूर्ण रहा। गुजरात, पश्चिम बंगाल और पंजाब में मौजूदा विधायकों की मृत्यु के कारण एक-एक सीट पर उपचुनाव कराना पड़ा जबकि दो विधायकों के इस्तीफे के कारण केरल और गुजरात की एक अन्य सीट पर उपचुनाव हुआ। निर्वाचन क्षेत्र में और इसके आसपास कहीं से भी किसी घटना की कोई खबर नहीं है। शाम पांच बजे तक 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। सूत्रों ने बताया कि मतदान प्रतिशत और बढ़ सकता है क्योंकि मतदान समय समाप्त होने के बाद भी मतदाताओं की कतारें लगी हुई थीं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद का फरवरी में अचानक निधन होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी।

# एआई ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजा जाएगा

**देश में डेटा रिकवरी मुमकिन नहीं इसलिए फैसला**

अहमदाबाद हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी

**मुंबई (एजेंसी)।** विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो(एएआईबी) एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सूत्रों का कहना है कि अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अमेरिका भेजा जाएगा है। क्रैश हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स क्रैश के अगले दिन ही रिकवर कर लिया गया था। विमान में आग लगने के बाद ब्लैक बॉक्स इतना डैमेज हो चुका है कि उससे डेटा रिकवर करना मुश्किल है। इसलिए उसे जांच के लिए अमेरिका भेजने का फैसला लिया गया है।

**अहमदाबाद विमान क्रैश डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान**

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए पहचान कर ली गई है। 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सभी के शव जल्द उनके परिजनों को सौंपेंगे।

### एआई 16 मार्गों पर उड़ानें घटाएगी

एयर इंडिया ने कहा कि वह 21 जून से 15 जुलाई के बीच दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन समेत 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अपनी उड़ानों में कमी लाएगी। वहीं, 3 शहरों के लिए उड़ानें लंबित कर दी गई हैं। दूसरी ओर एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बोइंग ड्रीमलाइनर का अच्छा रखरखाव किया था। उड़ान से पहले उसमें खराबी नहीं थी।

# ईरान ने इजराइल में अस्पताल पर किया हमला, 240 घायल

**ईरान ने 30 मिसाइलें दागीं, अब तक 24 इजराइलियों की मौत**

**इजराइल ने भी जवाबी हमला किया 200 से अधिक घायल**

एजेंसी ▶▶| बीरशेबा

ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल के चार शहरों-तेल अवीव, बीरशेबा, रमत गण और होलोन पर मिसाइल से हमला किया। ईरान ने 30 मिसाइलें दागीं, जिनमें 7 मिसाइल तेल अवीव स्थित इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, बीरशेबा में एक अस्पताल सहित कई जगहों पर गिरीं। इन हमलों में 240 लोग घायल हो गए। 4 लोगों की हालत गंभीर है। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने बाकी मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। ईरान के हमले के बाद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम ईरान से इजराइली नागरिकों और अस्पतालों पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। *(पेज 10 भी देखें)*

### नेतन्याहू की चेतावनी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान में अब सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कोई भी अब महफूज नहीं है। इससे पहले दिन में उन्होंने कहा था कि हम ईरान से इजराइल पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे। वहीं, इजराइल के हमले में ईरान में 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं और 70 की हालत गंभीर बनी हुई है।

### खामेनेई का अस्तित्व नहीं बचेगा

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई का अस्तित्व नहीं बचेगा। 'खामेनेई जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है।'

### आज यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक करेगा ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ शुक्रवार को जिनेवा में बैठक करेंगे। ईरान की एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक शामिल होंगे।



ईरान से आर्मेनिया के रास्ते नई दिल्ली पहुंचे भारतीय छात्र।

# ईरान के बाद इजराइल से भी भारतीय निकाले जाएंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान के बाद अब इजराइल से भी भारतीय नागरिकों को निकालने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत इजराइल से भारतीय नागरिकों को निकालने की योजना है। भारतीय नागरिकों को लैंड बॉर्डर के रास्ते निकाला जाएगा और बाद में हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। बयान के मुताबिक, तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास इजराइल में मौजूद भारतीय नागरिकों की मदद करेगा, जो अपने देश लौटना चाहते हैं।

भारत ने ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। गुरुवार को ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए 110 छात्र भारत पहुंचे। इनमें 90 छात्र कश्मीर के हैं, जो ईरान की उर्मिया यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।

### ईरान के क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज से हैकर के समूह ने नौ करोड़ डॉलर गायब किए

**दुबई(एपी)।** ब्लॉकचेन विश्लेषक फर्मों का कहना है कि इजराइल से संबंधित हैकर ने ईरान के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज 'नोबिटेक्स' से नौ करोड़ डॉलर से अधिक की रकम उड़ा ली है। हैकिंग की जिम्मेदारी लेने वाले एक समूह ने नोबिटेक्स के पूर्ण स्रोत कोड को उजागर कर दिया। समूह ने टेलीग्राम खाते पर लिखा, 'नोबिटेक्स में छोड़ी गई संपत्ति अब पूरी तरह से सार्वजनिक हो गई है।' ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष के बीच यह साइबर हमला हुआ है।

# स्पाइसजेट और इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग

लेह जा रहा इंडिगो विमान दिल्ली वापस लौटा
**हैदराबाद-तिरूपति स्पाइस जेट उड़ान भी 10 मिनट बाद लौटी**
इंडिगो के विमान में 180 और स्पाइस जेट के विमान में 80 यात्री सवार थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 2696 भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट गई। ये फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे। एयरलाइंस ने बताया कि, टेकऑफ के बाद पायलट को संकेत मिला कि विमान के पिछले दरवाजे में कुछ दिक्कत है। जिसके बाद फ्लाइट वापस एयरपोर्ट आ गई। इससे पहले बुधवार को एअर इंडिया की 3 फ्लाइट कैंसिल की गईं थीं। इनमें दिल्ली-बाली, टोरंटो-दिल्ली और दुबई-दिल्ली वाली उड़ानें शामिल थीं।



## खबर संक्षेप

### केएमपी के दोनों ओर होगा पौधारोपण: राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि केएमपी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए और इस मानसून से पहले



एचएसआईआईडीसी एक ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे, लेकिन इनकी देखभाल, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसआईआईडीसी की होगी, और इन पौधों पर वन विभाग का मालिकाना हक नहीं रहेगा। राव नरबीर सिंह आगामी वन महोत्सव को लेकर आयोजित विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### शिशु और पर्यवेक्षण गृहों का नियमित दौरा करें

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिशुगृहों व पर्यवेक्षण गृहों तथा निरीक्षण गृहों का नियमित दौरा करें और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट सौंपे। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। चौधरी ने इस अवसर पर लाभार्थियों के विकास एवं संरक्षण के लिए दो प्रमुख पोर्टल भी लॉन्च किए, जिनमें बाल संरक्षण पोर्टल, प्ले स्कूल व क्रैंच के लिए एमआईएस प्रणाली पोर्टल शामिल हैं।

### नेता प्रतिपक्ष बनाने पर ध्यान दे कांग्रेस : बेदी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के मंत्री और भाजपा नेता कृष्ण बेदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला किया है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा से सवाल करने के स्थान पर अपना नेता प्रतिपक्ष बना लेना चाहिए। बेदी ने यहां तक कहा कि हरियाणा में केवल बाप बेटे की कांग्रेस बनकर रह गई है। बेदी ने भाजपा के 11 साल की उपलब्धियां गिनाई। बेदी ने कहा कि बीजेपी ने 11 साल में प्रदेश में बहुत काम किया है।

### फरीदाबाद का स्कूल विश्व के 10 स्कूलों में शामिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि टी-4 एजुकेशन द्वारा विश्व के शीर्ष 10 स्कूलों में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 फरीदाबाद को शामिल किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के राजकीय स्कूलों के लिए प्रेरणादायक है। इससे यह भी साबित होता है कि सरकारी स्कूल वैश्विक मंच पर श्रेष्ठता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, एसटीईएम लैब और शिक्षकों के प्रशिक्षण जैसी शिक्षा सुधार पहलों को नई ऊर्जा मिलेगी। फरीदाबाद के स्कूल की यह सफलता पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक है।

# जुलाई में हो सकता है सीईटी, 13 लाख से ज्यादा आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ग्रुप-सी की भर्ती के लिए होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्य सचिव ने बताया कि सीईटी अगले महीने यानी जुलाई में लिए जाने की संभावना है। मुख्य सचिव ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए।

बैठक के दौरान बताया गया कि सीईटी के लिए लगभग 13,48,697 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदकों की बड़ी संख्या और परीक्षा के पैमाने को देखते हुए, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग यानी एचएसएससी ने दो से तीन दिनों की समय अवधि में परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है।

#### परीक्षा केंद्रों की पहचान करें सभी डीसी

*रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अगले तीन दिनों के भीतर अपने-अपने जिलों में उपयुक्त परीक्षा केंद्रों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रों का चयन सुरक्षा, रसद, परिवहन पहुंच और उम्मीदवारों को समायोजित करने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे इन सभी केंद्रों का पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से निरीक्षण करवाएं।*

#### मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने की समीक्षा




#### सोमवार तक भेजें केंद्रों की सूची

*रस्तोगी ने कहा कि प्रस्तावित केंद्रों की सूची की एक विस्तृत रिपोर्ट सोमवार तक मुख्य सचिव कार्यालय और एचएसएससी चेयरमैन कार्यालय, दोनों को भेजी जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने भर्ती प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की चूक या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

#### एसओपी साझा की

एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के चयन के संबंध में सभी उपायुक्तों के साथ एक विस्तृत एसओपी साझा की गई है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव टी.एल. सत्यप्रकाश समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर देगी सरकार : शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा में भगवान बुद्ध के आगमन को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की तैयारी विरासत व पर्यटन विभाग द्वारा की जाएगी।



विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भगवान बुद्ध की यात्रा के विभिन्न स्थानों को विकसित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व आध्यात्मिकता को बढ़ावा दिया जाएगा। इसकी शुरूआत यमुनानगर के गांव टोपरा कलां में भगवान बुद्ध के स्तूप निर्माण के साथ होगी। वीरवार को हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कार्यालय में विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा से भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट यमुनानगर चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल में सिद्धार्थ गौरी व विंग कमांडर अमन मेहता ने मुलाकात करते हुए टोपरा कलां में बौद्ध स्तूप निर्माण व हरियाणा बौद्ध सर्किट की स्थापना को लेकर चर्चा की। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार्मिक स्थलों के विकास को बढ़ावा दिया है।

# अब कैदियों का नशा छुड़वाएगा स्वास्थ्य विभाग, जेलों में खुलेंगे नशा मुक्ति केंद्र

## पहले चरण में पानीपत, जींद, भिवानी, फरीदाबाद और रोहतक जेलों से शुरुआत होगी

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा में चलने वाली नशा मुक्ति की मुहिम अब जेलों में भी चलेगी। यहां पर कैदियों को नशे से दूर रहने के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर तैयार किया जाएगा। सूबे की सेहत मंत्री आरती राव का कहना है कि केवल चिकित्सक ही नहीं बल्कि मनोचिकित्सकों से भी इसमें मदद ली जाएगी।

जानकारी के अनुसार पानीपत, जींद और भिवानी, फरीदाबाद, रोहतक पांच जिलों की जेलों में पहले चरण में नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे। दूसरे चरण में यह मुहिम प्रदेशभर की जेलों में चलेगा। बताया गया है कि सूबे में 130 से ज्यादा जगहों पर केंद्र पहले से ही संचालित हैं और नए जिले भी जुड़ेंगे। जेलों में नशा मुक्ति की इस मुहिम को सफल बनाने का काम मनो चिकित्सक और बाकी डाक्टर भी करेंगे। अर्थात प्यार की थपकी के साथ में कैदियों को नशे से दूर रहने के लिए तैयार किया जाएगा ताकि वे किसी भी तरह का दबाव महसूस नहीं करेंग। इसके अलावा प्रदेश अस्पतालों 46 नए नशा मुक्ति-क्लीनिकों की शुरुआत होने जा रही है। इनमें से 34 केंद्र सब-डिवीजन स्तर पर होंगे और गली-गली नशा मुक्ति अभियान चलाकर इसे शहरी ग्रामीण दोनों ही एरिया, गल्ली मुहल्ले सभी कवर करने की योजना है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा है कि चिकित्सा के साथ-साथ मनोरोग चिकित्सा को भी समान महत्व दिया जाएगा और नशे की लत से लड़ना किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है। आरती राव ने कहा कि सरकार हाथ थामकर उनको साथ लेकर चलेगी।

#### सुधार के लिए सुनी जाएगी कैदी के मन की बात




खास बात यह है कि केंद्रों में कैदियों में सुधार के लिए उनके मन की बात सुनी जाएगी। उसको समझाया जाएगा। जीवन से फिर से जुड़ने का प्रयास करे उस दिशा में लेकर जाएंगे। इन सभी प्रयासों के अलावा थेरेपी भी मिलेगी। सुविधाएं साधारण कमरों में ही दी जाएगी जहां नशा इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति खुद से कह सकेगा- ३मैं वापस लौटना चाहता हूं।३ यह प्रक्रिया ३पुनर्जन्म३ के साथ-साथ नशा मुक्ति के लिए भी काम आती है। सरकार की मंशा पूरी तरह से साफ है कि सजा खत्म होने पर व्यक्ति फिर पहले जैसा न हो जाए, बल्कि बेहतर हो जाए। गोली या टेबलेट से नहीं बल्कि मनोचिकित्सक, काउंसलर और मोटिवेशन एक्सपर्ट की टीम यह समझेगी कि कोई व्यक्ति नशे की लत में क्यों पड़ा और इससे कैसे बाहर निकला जा सकता है।

#### बदलाव की जरूरत

स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा आरती राव ने कहा कि नशे की लत को दूर करने के लिए किसी भी तरह का दबाव और सजा नहीं बल्कि दूसरे उपायों को लेकर चला जाएगा। इस क्रम में सजा की जरूरत नहीं बल्कि जेल में बंद हर कैदी को मानसिक तौर पर तैयार किया जाएगा। हर एक कैदी सुधार की तरफ बढ़े



इसके लिए उनको सही रास्ते पर चलने व नशे की लत से दूर रखकर भविष्य में मानसिक तौर पर एक बेहतर व्यक्ति बनाया जा सकता है। सरकार उस रास्ते को सही करने की कोशिश में है, मंत्री का कहना है कि यही व्यक्ति जो कभी सलाखों के पीछे था, आपके समाज को कुछ भी अच्छा दे सकता है। हरियाणा में बदलाव और उसकी तैयारी जेल से भी हो इस दिशा में यह कदम उठाया जा रहा है।

# सीएम सैनी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर घर पहुंचकर जताया शोक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। संवेदनाएं प्रकट करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी जी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक- दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें।



गुजरात में विजय रूपाणी के परिजनों से मिलते सीएम नायब सैनी।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दुःख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

### साउंड-रिकॉर्डिस्ट के पद पर पदोन्नत हुए डिंपल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत डिंपल बिंद्रा को साउंड-रिकार्डिस्ट के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वह फिलहाल मुख्य सचिव के कार्यालय में कार्यरत हैं।

**दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि. रेवाड़ी**

दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि० रेवाड़ी में एमडीएम/आंगनबाड़ी के लिए परिवहन एवं श्रम कार्य भेजने हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से दिनांक 19-06-2025 से 03-07-2025 तक etenders.hry.nic.in साईट पर अपलोड रहेगा एवं 04-07-2025 को सुबह 11:30 बजे दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि रेवाड़ी अनाज मंडी दुकान नंबर 63 में बोर्ड / टेंडर कमेटी के सदस्यों के सामने ओपन किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर समिति कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-प्रबंधक
दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि रेवाड़ी

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश पुत्र बुग्गर पताः रासिंघ, हमीर गढ़, जींद हरियाणा और मकान नं 30, गली नं.38, विपिन गार्डन, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली ने सीटी केस संख्या 903/2022 धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत** थानाः उत्तम नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस संख्या 903/2022 धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत थाना उत्तम नगर, दिल्ली के उक्त राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द.प.)
विशेष न्यायलय विद्युत कोर्ट नं.609
DP/7994/DW/2025 द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

### किसानों को समय पर खाद देने में नाकाम साबित हुई सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने डीएपी की किल्लत को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सोनीपत, झज्जर, फतेहाबाद, हिसार और रोहतक समेत कई दिनों में डीएपी की भारी किल्लत है। जबकि धान की रोपाई का सीजन शुरू हो चुका है। खाद के



लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं और हमेशा की तरह सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। हुड्डा ने कहा कि हर फसली सीजन में किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भाजपा सरकार समय रहते कोई इंतजाम नहीं करती। इसके चलते किसानों को ब्लैक में महंगा खाद खरीदना पड़ता है, जिससे उनपर आर्थिक बोझ भी पड़ता है और समय पर खाद ना मिलने से उत्पादन भी प्रभावित होता है। सोनीपत में डीएपी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। क्योंकि इस सीजन में 1.10 लाख क्विंटल खाद की जरूरत है, लेकिन अभी तक सिर्फ 40 हजार क्विंटल डीएपी ही पहुंच पाई है। झज्जर में भी इसी तरह किल्लत बनी हुई है।

# 25 गांवों में लागू किया जाएगा बीबीपुर का विकास मॉडल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

जींद जिले से सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू करके बेटियों को ग्लोबल पहचान दिलाने वाले सुनील जागलान अब देश के ग्रामीण विकास को नया मॉडल लागू करने जा रहे हैं। विकसित भारत-2047 को आधार बनाकर गांव गलियों से बीबीपुर के इस युवा सुनील जागलान ग्रामीण विकास मॉडल तैयार किया है। जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देश के विभिन्न राज्यों के 25 गांवों में लागू किया जाएगा। इसके बाद इसका प्रसार किया जाएगा। यह मॉडल 15 वर्षों के दौरान 10,000 गांवों की यात्रा, 2000 ग्राम सभाओं के आयोजन तथा 5,000 ऑनलाइन व ऑफलाइन बैठकों के बाद तैयार किया गया है। यह मॉडल न केवल गांवों को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से उन्नत, बनाता है, बल्कि शहरी व ग्रामीण भारत के बीच 'ग्राम स्पर्श' की भावना को जागृत कर एक सहयोगात्मक सेतु बनाता है। सुनील जागलान का यह मॉडल उनकी पूर्व पहल, बीबीपुर मॉडल ऑफ वीमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेवलपमेंट (2016), का विस्तार है, जिसे राष्ट्रपति भवन ने उनके गोद लिए गांवों में लागू किया था। इस मॉडल को देश के 150 गांवों ने अपनाया, जिससे महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। अब, सुनील जागलान ग्रामीण विकास मॉडल समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

### सरकार ने 8653 भर्तियां रद कर युवाओं के सपनों को तोड़ा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि सरकार का लोगों के साथ विश्वासघात करना ही काम रहा है, किसानों के साथ विश्वासघात का खेल जारी है तो युवाओं के भविष्य से भी विश्वासघात किया है। वोट लेने के लिए पदों को विज्ञापित किया और जब काम निकल गया तो



8653 पदों पर भर्तियां रद्द कर सरकार ने बेरोजगारों के सपनों को तोड़ कर रख दिया है। सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह युवाओं की आकांक्षाओं, मेहनत और भविष्य को लेकर कतई गंभीर नहीं है। चुनाव से ठीक पहले युवाओं को लुभाने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 8653 पदों की भर्ती की घोषणा की गई। इनमें पुलिस, आईआरबी, स्टेनो, टाइपिस्ट जैसे अहम पद शामिल थे, जिसके लिए लाखों बेरोजगार युवाओं ने कठिन परिश्रम से तैयारी की थी। लेकिन सरकार ने इन सभी भर्तियों के विज्ञापन वापस लेने की अनुमति देकर युवाओं के भविष्य पर करारा प्रहार किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमृत पाल सिंह**, पुत्रः **प्रीतम सिंह**, निवासः **गाँव सुजारा, थाना बाबैन, जिला कुरूक्षेत्र, हरियाणा** ने **FIR No. 392/2012, U/S 419/420/468/471/120-B IPC & 12 PP Act., थाना आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अमृत पाल सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमृत पाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 392/2012, U/S 419/420/468/471/120-B IPC & 12 PP Act., थाना आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमृत पाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रणव जोशी
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 01
02, भूतल, मेन बिल्डिंग
DP/7921/IGIA/2025 (Court Matter) पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

## मानसून को लेकर की समीक्षा बैठक, मंत्री श्रुति चौधरी के निर्देश

# लापरवाही से किसी शहर में जलभराव हुआ तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी

- जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
- पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाएं, ड्रेन की सफाई व सीवरेज सिस्टम ठीक करें



#### मंत्री ने अफसरों से ड्रेन सफाई की रिपोर्ट ली

सिंचाई मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से जिलावार रिपोर्ट लेते हुए कहा कि मानसून से पहले यह सभी कार्य पूरे हो जाने चाहिए। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें और सुनिश्चित करें कि ये परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। वहीं विभाग द्वारा जून के आखिर तक ड्रेन सफाई का कार्य पूरा किया जाना है, इसी से संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों से ली गई।

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। मंत्री ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसी भी शहर में जलभराव की स्थिति बनी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक मंत्री श्रुति चौधरी के चंडीगढ़ स्थिति आवास कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे आईएएस अधिकारी मोहम्मद शाईन, विभाग के ईआईसी राकेश चौहान, बीरेंद्र सिंह, एसएस कादियान समेत सभी उच्च अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंत्री श्रुति चौधरी ने बरसात की आमद के बाद आज जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने, ड्रेन की सफाई व सीवरेज की सफाई कार्य की समीक्षा की।

### आज होगा बिजली की शिकायतों का निवारण

**चंडीगढ़।** बिजली निगम प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच एक लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई आज करेगा। करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 20 जून को रोहतक में किया जाएगा।

**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : शांति कॉम्प्लैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंगत कुमार (कर्जदार), NHPEH00000813684. | भरत नगर पेहोवा 607 म. नं. 607, वार्ड नं. 5, पेहोवा, हरियाणा-136128, सीमाएं : उत्तर : सुरेन्द्र कुमार, दक्षिण : रास्ता, पूर्व : देवराज, पश्चिम : भारत भूषण। / कब्जे की तिथि 16 जून 2025 | 10-05-2021 रु. 20,62,527/- | अम्बाला |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 20 जून 2025, स्थान : पेहोवा
प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व अभियान का हिस्सा बनिए

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

**विशाखापत्तनम** में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे

लाइव प्रसारण DD न्यूज पर

21 जून | 6 बजे से

देश में हो रहे **8 लाख** से भी अधिक आयोजनों एवं **175+ देशों** में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।

अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए

cbc 17201/13/0005/2526



moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

## फतेहाबाद रोडवेज के कर्मचारी से मारपीट मामला : डिपो से तीसरे दिन भी नहीं चली बसें

# उपायुक्त के साथ बैठक के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म की, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ रोडवेज यूनियन व अधिकारियों की बीच बैठक में बनी सहमति

फतेहाबाद में तीसरे दिन भी रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो के परिचालक के साथ मारपीट को लेकर चक्काजाम किया। लेकिन देर रात फतेहाबाद उपायुक्त मनदीप कौर व रोडवेज कर्मचारियों की यूनियन की बैठक के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। उपायुक्त ने कहा कि रोडवेज परिचालक से मारपीट करने के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

■ प्रदेश भर के रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश, दिनभर चला प्रदर्शनों का दौर

### आज से काम पर लौटेंगे

इसके बाद रोडवेज कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह से काम पर लौटने का ऐलान किया व चक्का जाम वापस ले लिया। इससे पहले वहीं फतेहाबाद के बाद आंदोलन अब तीन जिलों में पहुंच गया था। हिसार और सिरसा में भी रोडवेज कर्मचारियों ने बसों का चक्का जाम किया था

फतेहाबाद में तीन दिन से रोडवेज बस सेवा ठप्प होने से जहां विभाग को करोड़ों का नुकसान हो रहा है वहीं आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी बसें हिसार-सिरसा रूट पर दौड़ रही है लेकिन इन बसों में लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। ग्रामीण रूटों पर बस सेवा बुरी तरह प्रभावित है।

बसें न आने से लोग परेशान हैं। दिल्ली, चण्डीगढ़ सहित बड़े शहरों में रोडवेज बसें न जाने से लोगों के कामकाज काफी प्रभावित हो रहे हैं। फतेहाबाद में रोडवेज कर्मचारियों ने शहर में स्थित पुराने बस स्टैण्ड प्रांगण में धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता डिपू प्रधान राजू बिश्नोई ने की। धरने को बलबीर, राजेश मूरकी, विजय नागपुर, अनिल खटक, राजकुमार डारा, सतेन्द्र, हर्ष डारा, राज्य कार्यकारिणी से दीपक बल्हारा ने भी संबोधित किया। रोडवेज नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि रोडवेज यूनियन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तीन जिलों हिसार, फतेहाबाद व सिरसा में चक्का जाम किया। हड़ताल खत्म होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है।



फतेहाबाद। बस स्टैण्ड के बाहर निजी बसों में चढ़ने के लिए उमड़ी भीड़।



फतेहाबाद। बस स्टैंड में धरना देते रोडवेज कर्मचारी।

ये था मामला

### अग्रोहा मोड पर परिचालक के साथ जमकर मारपीट

बता दें कि सोमवार शाम को फतेहाबाद रोडवेज की बस हरिद्वार से वापस फतेहाबाद आ रही थी। इस बस के परिचालक कृष्ण कुंडू के साथ अग्रोहा मोड पर कुछ युवकों द्वारा जमकर मारपीट की गई। घायल कृष्ण कुमार ने कहा कि सोमवार शाम 7 बजे बस हिसार पहुंची थी। उसने सवारियों की टिकट काट दी थी। बस में सवार दो लडकी और एक लडके ने उसे ढंढूर पुल के नीचे उतारने को उससे झगड़ा करना शुरू कर दिया। जब उसने इन लोगों को कहा कि ढंढूर पुल के नीचे कोई स्टॉपेज नहीं है। युवक के बहस करने पर उसने ढंढूर पुल के नीचे उन्हें उतार दिया। जब बस चलने लगी तो अज्ञात युवती ने कहा कि उससे कहा कि वह उसको नौकरी करना सीखा देंगे और फिर लडकी ने फोन करके अग्रोहा मोड पर 15-20 लोगों को बुला दिा। जैसे ही बस अग्रोहा मोड पहुंची तो बस में एकदम से 15-20 लडके चढ़ गए और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस कारण उसका पैसों का बैग व टिकट बस में ही गिर गए। युवकों ने डंडे से बस का शीशा भी तोड़ दिया और उसकी वर्दी भी फाड़ते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।

## बिजली निगम का एसडीओ पचास हजार रुपये रिश्वत लेता गिरफ्तार

### एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम की बड़ी कार्रवाई



टोहाना। आरोपी को गिरफ्तार कर ले जाते एसीबी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने शहरी बिजली निगम के एसडीओ धर्मवीर सिंह को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। डीएसपी जुगल किशोर के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एसडीओ को पूर्व पार्षद राजीव बंसल से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। विजिलेंस विभाग के अनुसार आरोपी से 500 रुपए के 100 नोट बरामद किए गए हैं। पूर्व पार्षद राजीव बंसल ने बताया कि उन्होंने अपनी खल बीज की दुकान के लिए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। एसडीओ ने कनेक्शन के लिए 1.50 लाख रुपए की मांग की थी। बाद में 60 हजार रुपए में डील तय हुई। निगम ने 9 जून को कनेक्शन लगा दिया था। इसके बाद भी एसडीओ बार-बार पैसों की मांग कर रहे थे। डीएसपी जुगल किशोर ने बताया कि मामले में कई अन्य अधिकारियों की भी संलिप्तता हो सकती है। इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

■ खल व बीज की दुकान के लिए बिजली कनेक्शन देने के लिए ले रहा था घूस

### अवैध अहाते पर सीएम फ्लाइंग की रेड

गुरुग्राम। शिवाजी नगर थाना एरिया के खांडसा मंडी के निकट शराब ठेके के साथ अवैध रूप से चलाए जा रहे अहाते में लोगों शराब परोसने पर सीएम फ्लाइंग ने रेड की। इस दौरान अहाते में काफी लोग शराब पीते हुए नजर आए। टीम ने दस्तावेज चेक किए तो उसके पास आबकारी विभाग की अनुमति नहीं मिली। पुलिस ने अहाता संचालक के खिलाफ शिवाजी नगर थाना में केस दर्ज कराया है। दरअसल, आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार व सीएम फ्लाइंग गुरुग्राम को सूचना मिली कि खांडसा मंडी के निकट स्थित शराब ठेके के पास अवैध रूप से अहाता चल रहा है। जिस पर लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही है। जिस पर आबकारी विभाग व सीएम फ्लाइंग की टीम के इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोनीपत में जेएलएन के तेज बहाव में डूबे पिता-पुत्र

■ पैर फिसलने से नहर में गिरा इकलौता बेटा ■ बचाने के लिए नहर में कूदा पिता

गोहाना। गांव सरगथल में गुरुवार को पैर फिसलने से किशोर जेएलएन नहर में गिर गया और पानी के तेज बहाव में बह गया। पास में सीढिय़ों पर बैठे पिता अपने इकलौते बेटे को बचाने के लिए नहर में कूद गए। बेटे ने पिता को पकड़ भी लिया था लेकिन दोनों बह गए। नहर में नहाने आए आसपास के गांवों के युवकों ने भी दोनों को बचाने की कोशिश की लेकिन उनके प्रयास विफल रहे। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

नहर में पिता-पुत्र की तलाश शुरू कर दी गई है। गांव सरगथल के सतबीर सिंह (45) पहले सोनीपत में मोबाइल की दुकान पर काम करते थे। अब वह बड़ी में एक प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे थे। गुरुवार सुबह उनके घर में पेयजल की सप्लाई नहीं आई। सुबह ही सतबीर सिंह और उनका बेटा जतिन गांव के निकट से गुजर रही जेएलएन व भालौठ ब्रांच नहर के बीच में पटरी पर लगे नलकूप से पानी ढोने लगे। उन्होंने दो बार घर तक पानी भी पहुंचाया। सुबह 10:30 बजे दोनों फिर से नलकूप से पानी लेने चले गए। तब तक गर्मी हो चुकी थी। इस पर जतिन भालौठ सब ब्रांच में बने घाट पर नहाने लगा जबकि उसके पिता जेएलएन नहर की सीढिय़ों पर बैठकर नहाने लगे। जतिन (14) भालौठ सब ब्रांच से निकलकर अपने पिता के पास पहुंचा और पैर फिसल कर जेएलएन नहर में पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। सतबीर भी बेटे को बचाने के लिए नहर में कूद गए।



गोहाना। नहर में डूबे पिता व पुत्र।



गोहाना। नहर के किनारे खड़े ग्रामीण।

### ...बेटे को तैर कर पकड़ लिया

नहर में पुत्र जतिन को बहते देख पिता सतबीर ने तैर कर उसे पकड़ लिया था लेकिन नहर में पानी का बहाव बहुत तेज था। ऐसे में सतबीर अपने पुत्र को बाहर नहीं निकाल पाया और दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए।

### युवकों ने भी किया प्रयास

उस समय नहर में कासंडी और अन्य गांवों के युवक भी नहाने आए हुए थे, उन्होंने भी उनको बाहर की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। घटना का पता लगते ही ग्रामीण नहर के पास पहुंचे। पुलिस और प्रशासन से नहर में पानी का बहाव करके पिता-पुत्र की तलाश करने की मांग की। सतबीर का जतिन इकलौता बेटा है। इस घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने दोनों को जल्द पता लगाने की अपील प्रशासन से की है।

## योग दिवस में शिरकत करेंगे निजी स्कूल संचालक



कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय स्कूल शिक्षा परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में कोर कमेटी की एक मीटिंग ली गई। जिसका संचालन वन स्टेट वन यूनियन के फाउंडर चेयरमैन सुमित चावला ने किया। जिसमें तय किया गया कि योग दिवस पर भारी संख्या में निजी स्कूल संचालक 21 जून को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पहुंचेंगे व अपनी एकता का परिचय देंगे। इसके तहत पिछले तीन दिनों में अलग-अलग जिलों में मीटिंग की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि उनकी टीम ने राजस्थान में निजी स्कूल संचालकों के हित के लिए सदैव अपनी आवाज उठाई है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्थान सरकार पूरी तरह से राजस्थान के निजी स्कूलों के हित में काम करने में लगी है। अब अखिल भारतीय स्कूल शिक्षा परिवार केवल राजस्थान तक सीमित न रहकर एक राष्ट्रीय संगठन हो चुका है जिसमें सभी राज्यों के व्यवस्था से शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने 5 जून को पतंजलि में योग गुरु स्वामी रामदेव की उपस्थिति में 18 राज्यों से पहुंचे स्कूल संगठनों का आभार जताया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम के विभिन्न स्थानों पर आरसीसी स्लैब की आपूर्ति और बिछाना। (निविदा आईडी 2025_HRY_452916_1) | 17.06.2025 23.06.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 seoy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35777/I/88/6 दि. 19.06.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.115596 (EPC-D-127/PD&C) DATED 11.04.2025 | शुद्धिपत्र सं. 3/ऑनलाइन बोलियां जमा करवाने की तिथि में विस्तार 03.07.2025 तक 17:00 बजे तक और 19.06.2025 (प्रकाशन हेतु)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35797/I/88/6 दि. 19.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 4, एम.सी. रोहतक में जी.टी. कवर, मैनहोल, जाल के सिविल कार्य और फिक्सिंग। | 18.06.2025 25.06.2025 | 11.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 13, नगर निगम, रोहतक में सीएट टायर्स से अंगलीशा ब्यूटी पार्लर तक सी.सी. गली का निर्माण + 3 कार्य। | 17.06.2025 25.06.2025 | 100.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | डीएलएफ कॉलोनी वार्ड नं. 16, एम.सी. रोहतक में एसबीआई मेन ब्रांच वाया डीएलएफ सर्कल से 60' रोड तक रोड का सौन्दर्यकरण और ग्रास पेवर का पी/फिक्सिंग + 6 कार्य। | 17.06.2025 25.06.2025 | 331.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/35798/I/88/6 दि. 19.06.25

## पिकअप व ट्रक की टक्कर में दो दर्जन से ज्यादा घायल

नूंह। गुरुग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर राजस्थान - हरियाणा की सीमा के नजदीक रावली गांव के पास पिकअप एवं ट्रक की टक्कर में एक ही गांव में परिवार के करीब 20 - 25 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में महिला, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल हैं। इनमें से इलाज के लिए एक ही परिवार के नौ लोगों को अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा लाया गया है। जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

इसके अलावा कुछ घायलों को राजस्थान के अलवर ले जाने की खबर मिल रही है। हादसा इतना भयानक था कि दोनों वाहनों में भी खासा नुकसान हुआ है और घटनास्थल पर घायल हुए महिला, बच्चे, बुजुर्ग सड़क पर पड़े हुए दर्द से करहा रहे हैं। चीख पुकार मची हुई है। भीड़ ने तुरंत उनको अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। डॉक्टर घायलों के इलाज में जुटे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक राजस्थान के कोलानी गांव से पिकअप में सवार होकर तकरीबन 20 - 25 से अधिक लोग अपने रिश्तेदारी में मौत का शोक जताने जा रहे थे।

**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी।**

"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय, पंचायत समिति बेरी की दूकान नं0 2 किराए के लिए तथा कार्यालय में 32 पेड़ों की नीलामी जिनकी खुली बोली दिनांक 30/06/2025 को की जाएगी। बोली खण्ड कार्यालय बेरी में सुबह 11:00 बजे होगी। बोली दाता उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। जिसमे दुकान के लिए जमानत राशि मु० 20000/- रूपये होगी और 32 पेड़ों के लिए जमानत राशि मु० 10000/- रूपये होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।"

हस्ता/-विकास खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी

पीआरडीएच 1028/11/132/2026/35765/88/6 दि. 19.06.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | वर्ष 2025 हेतु लिफाफे के मुद्रण और आपूर्ति के लिए। | 18.06.2025 25.06.2025 | 4 लाख | http://www.bseh.org.in | 9991415007 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35776/I/88/6 दि. 19.06.25

## राशिफल

**मेष** — खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** — किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**धनु** — भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** — कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5903




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5902 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



**Horticulture Department (Haryana)**
Demonstration cum Food Processing centre,
Old court road, near Yoga Aashram Sirsa
E-mail- ftsirsa@gmail.com

**सील्ड बंद कुटेशन सूचना**

प्रशिक्षण व सेमिनार कार्यकमों के दौरान जलपान के लिए कुटेशन सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रोद्यौगिकी प्रयोगशाला, सिरसा पर वर्ष 2025-26 में महिलाओं के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के दौरान जलपान की व्यवस्था के लिए निम्न विवरण अनुसार कुटेशन आंमत्रित हैं-

| क्रंमाक | विवरण | खाद्य वस्तुए | दर (रूपये) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जलपान | मैंगो फ्रूटी (160 ml) | | |
| | | भुजिया 35 ग्राम (हल्दी राम या बीका जी) | | |
| | | भुजिया 70 ग्राम (हल्दी राम या बीका जी) | | |
| | | बिस्कुट (50 ग्राम) | | |
| | | Total- | | |

उपरोक्त कार्य के लिए इस कार्यालय में अनुबंध करने के इच्छुक फर्म उपरोक्त दिए गए विवरण अनुसार न्यूनतम दरें जी.एस.टी सहित मोहरबंद आवरण फर्म के लैटर हेड पर पूर्णतः भरे हुए सील्ड बंद लिफाफ में दिंनाक 25.06.2025 सांयः 3:00 बजे तक उपरोक्त प्रर्फोमा अनुसार भरकर इस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। फर्मों से प्राप्त सील्ड बंद कुटेशन दिनांक 25.06.2025 को कमेटी द्वारा खोली जाएगी। फर्म का रजिस्ट्रेशन न०, पैन न० व बैंक पासबुक की प्रति लगाना अनिवार्य है। कुटेशनों को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा के पास सुरक्षित होगा। कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा जांचने उपरांत पाई गई सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। जिस फर्म की दरें न्यूनतम होगी, आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। यदि सबसे कम दर वाली फर्म प्रशिक्षण व सेमिनारों के दौरान कार्य करने से मना कर देती है तो दूसरे नंबर पर न्यूनतम दर पाई जाने वाली फर्म को बचे हुए प्रशिक्षण व सेमिनारों के दौरान उपरोक्त विवरण अनुसार समान सप्लाई करने का Work Order जारी कर दिया जाएगा। दरें वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए वैध रहेंगी। उपरोक्त प्रर्फोमा में दर्शाए गए सामान की गुणवत्ता निम्न स्तर की स्वीकार नहीं होगी। कुटेशन के विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय दिवस (सोमवार से शुकवार) पर सम्पर्क कर सकते हैं। अनुबंध से संबधित शर्तें कार्यालय से प्राप्त करने उपरांत उस पर हस्ताक्षर करके कुटेशन के साथ कार्यालय में जमा करवानी होगी। बिना शर्तों की स्वीकारोक्ति के कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

खाद्य तकनीशियन,
सिरसा।

पीआरडीएच-1149/11/847/2026/35794/88/6 दि. 19.06.2025


गृहमंत्री ने कहा- देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं

# बदलाव का समय निकट आया, आगामी समय में अंग्रेजी बोलने में 'शर्म' आएगी

**भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए यह टिप्पणी की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।



## औपनिवेशिकता को बताया गुलामी

शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मुझे पूरा अहसास है कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा।

## प्रधानमंत्री के पंच प्रण का किया जिक्र

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण काजिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

## पूर्व आईएएस की पुस्तक का किया विमोचन

शाह पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

कर्नाटक में हासन की फिल्म रिलीज केस

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से अड़चन पर सख्त एक्शन लेने को कहा

**नई दिल्ली।** एक्टर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में अटकी रिलीज पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। 17 जून को आदेश में कहा था कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार का यह आश्वासन दर्ज किया कि यदि राज्य में फिल्म प्रदर्शित की गई तो वह सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 249 दिनांक 17.06.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - सन्दीप
पिता/पति- पुत्र सुरेन्द्र
पता - निवासी लाखनमाजरा हाल किरायेदार गांव टिटौली जिला रोहतक
उम्र-20 वर्ष
कद - 5 फुट 4 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, बायें कान में बाली पहने हुए।
पहनावा संतरी रंग की टी शर्ट, स्लेटी रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 17.06.25 को सन्दीप पुत्र सुरेन्द्र निवासी लाखनमाजरा हाल किरायेदार गांव टिटौली जिला रोहतक अपने मामा के घर शिव कालोनी रोहतक गया था। जो उसके मामा का लडका उसको जींद बाईपास पर छोडकर काम पर चला गया। उसके बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466252238



**Horticulture Department (Haryana)**
Demonstration cum Food Processing centre,
Old court road, near Yoga Aashram Sirsa
E-mail- ftsirsa@gmail.com

**सील्ड बंद कुटेशन सूचना**

सेमिनार व प्रशिक्षण कार्यकमों के दौरान स्टेशनरी के सामान की व्यवस्था के लिए कुटेशन सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रोद्यौगिकी प्रयोगशाला, सिरसा पर वर्ष 2025-26 में महिलाओं के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के दौरान स्टेशनरी की व्यवस्था करने के लिए निम्न विवरण अनुसार कुटेशन आंमत्रित हैं-

| Sr No | Stationary Particular | Description | Rate (in Rs) | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Plastic Folder | Plastic Button cover | | |
| 2 | Pen | Ball point pen | | |
| 3 | Writing Pad | 20-25 Page | | |
| 4 | Certificate (For Training) | A4(210mmX 297mm), 250GSM ART card Single side Print | | |

उपरोक्त कार्य के लिए इस कार्यालय में अनुबंध करने के इच्छुक फर्म उपरोक्त दिए गए विवरण अनुसार न्यूनतम दरें जी.एस.टी सहित मोहरबंद आवरण फर्म के लैटर हेड पर पूर्णतः भरे हुए सील्ड बंद लिफाफे में दिंनाक 25.06.2025 सांयः 3:00 बजे तक उपरोक्त प्रर्फोमा अनुसार भरकर इस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। फर्मों से प्राप्त सील्ड बंद कुटेशन दिनांक 25.06.2025 को कमेटी द्वारा खोली जाएगी। फर्म का रजिस्ट्रेशन न०, पैन न० व बैंक पासबुक की प्रति लगाना अनिवार्य है। कुटेशनों को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा के पास सुरक्षित होगा। कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा जांचने उपरांत पाई गई सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। जिस फर्म की दरें न्यूनतम होगी, आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। यदि सबसे कम दर वाली फर्म प्रशिक्षण व सेमिनारों के दौरान कार्य करने से मना कर देती है तो दूसरे नंबर पर न्यूनतम दर पाई जाने वाली फर्म को बचे हुए प्रशिक्षण व सेमिनारों के दौरान उपरोक्त विवरण अनुसार समान सप्लाई करने का Work Order जारी कर दिया जाएगा। दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैध रहेंगी। उपरोक्त प्रर्फोमा में दर्शाए गए सामान की गुणवत्ता निम्न स्तर की स्वीकार नहीं होगी। कुटेशन के विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय दिवस (सोमवार से शुकवार) पर सम्पर्क कर सकते हैं। अनुबंध से संबधित शर्तें कार्यालय से प्राप्त करने उपरांत उस पर हस्ताक्षर करके कुटेशन के साथ कार्यालय में जमा करवानी होगी। बिना शर्तों की स्वीकारोक्ति के कुटेशन स्वीकार नहीं होंगी।

खाद्य तकनीशियन,
सिरसा।

पीआरडीएच-1149/11/848/2026/35795/88/6 दि. 19.06.2025


क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

# भारत के 54 संस्थान शामिल आईआईटी दिल्ली टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का नतीजा बताया। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटी और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

**पीएम मोदी ने लिए बहुत अच्छी खबर बताया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' 2026 भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। इस रैंकिंग में भारत के 54 संस्थानों को शामिल किया गया है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पार्टी में मेरे कुछ मतभेद, मैं देशसेवा से पीछे नहीं हटूंगा : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम लोकसभा से सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात कबूल की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के साथ बातचीत पर कहा है कि वो चर्चा केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए वे हमेशा तैयार हैं। तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से साथ थरूर ने कहा कि मैं पिछले 16 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं। पार्टी के साथ मेरे कुछ मतभेद हैं, और मैं पार्टी के अंदर इस पर चर्चा करूंगा। समय आने दीजिए।

## थरूर को लेकर सियासत गरम



थरूर समेत सभी प्रतिनिधिमंडल के नेता जब विदेश दौरों के बाद वापस आए थे, तो पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे उनके एक्सपीरियंस भी जाने थे। थरूर को लेकर सियासत इसलिए भी गरम है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने डेलिगेशन के लिए जिन नेताओं के नाम भेजे थे, उसमें थरूर का नाम नहीं था। पर, भारत सरकार ने थरूर को न केवल डेलिगेशन में शामिल किया, बल्कि उन्हें एक डेलिगेशन का मुख्य लीडर भी बनाया था। पीएम मोदी के साथ चर्चा को लेकर थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ चर्चा सिर्फ सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़े होना हमारी जिम्मेदारी है। जब देश को मेरी सेवा की जरूरत होगी, तो मैं हमेशा तैयार हूं।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 251 दिनांक 18.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - जोगेन्द्र सिंह
पिता/पति-
पता - निवासी बडसी नगर रोहतक
उम्र- 45 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा ।
पहनावा क्रीम रंग की शर्ट, हरे रंग की पैंट व पैरों में जूते पहने हुए।

दिनांक 18.06.25 को जोगेन्द्र सिंह निवासी बडसी नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468387817

पीआरडीएच-1084/11/3539/2026/35805/88/6 दि. 19.06.2025


# आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड ने खोला पार्किंसंस बीमारी के उपचार का द्वार

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध ने यह पुष्टि की है कि आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड कैप्सूल न केवल पार्किंसंस बीमारी के कारण हुए स्मृति लोप को सुधारने में मदद करती है, अपितु यह जीवों की आयु को बढ़ाने में भी सहायक है, वहीं इनकी लम्बाई और प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है। यह अनुकरणीय शोध अंतरराष्ट्रीय विले प्रकाशन के रिसर्च जर्नल सीएनएस न्यूरोसाइंस एंड थैरेप्यूटिक्स में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पार्किंसंस बीमारी में व्यक्ति मानसिक रूप से तो अस्वस्थ्य होता ही है। परन्तु, क्या कोई ऐसा उपाय है जिससे अस्वस्थ्य व्यक्ति पुनः ठीक हो सके और अपने दैनिक कार्यकलाप भली भांति बिना किसी सहायता कर सके। अब हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हाँ, अब यह संभव है। आचार्य जी ने कहा कि न्यूरोग्रिट गोल्ड हमारी धरोहर आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का अनुपम मेल है। यह शोध प्रदर्शित करता है कि अगर प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जाए तो इस आधुनिक युग की समस्याओं को दूर करने में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि न्यूरोग्रिट गोल्ड ज्योतिष्मती और गिलोय आदि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के साथ ही एकांगवीर रस, मोती पिष्टी, रजत भस्म, वसंत कुसुमाकर रस, रसराज रस आदि से निर्मित है। जोकि मस्तिष्क विकारों में लाभकारी मानी गई है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगरीय ठोस कचरे के घर-घर से संग्रहण, एम.सी. रोहतक से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट जोन-1 तक परिवहन हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 18.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगरीय ठोस कचरे के घर-घर से संग्रहण, एम.सी. रोहतक से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट जोन-2 तक परिवहन हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 18.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगरीय ठोस कचरे के घर-घर से संग्रहण, एम.सी. रोहतक से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट जोन-3 तक परिवहन हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 18.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | नगरीय ठोस कचरे के घर-घर से संग्रहण, एम.सी. रोहतक से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट जोन-4 तक परिवहन हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 18.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | नगरीय ठोस कचरे के घर-घर से संग्रहण, एम.सी. रोहतक से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट जोन-5 तक परिवहन हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 18.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/35773/I/88/6 दि. 19.06.25



**बागवानी विभाग (हरियाणा)**
प्रदर्शन सह खाद्य संस्करण केन्द्र,
पुराना कोर्ट रोड, निकट योगा आश्रम सिरसा
ई-मेल - ftsirsa@gmail.com

**विज्ञापन :- प्रदर्शन सह खाद्य संस्करण केन्द्र, सिरसा (बागवानी विभाग हरियाणा) हेतु केवल महिलाओं के लिए फल एवं सब्जी प्रसंस्करण प्रशिक्षण के लिए रिसोर्स पर्सन की तलाश (प्रतिदिन आधार पर पारिश्रमिक पर रिसोर्स पर्सन)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एक्सपर्ट | फल एवं सब्जी प्रसंस्करण प्रशिक्षण/सेमिनार के लिए |
| 2. | अपेक्षित व्यक्ति की सं. : | 1 |
| 3. | अवधि : | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अथवा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण की पूर्णता तक |
| 4. | योग्यता : | बी.एससी. (खाद्य विज्ञान) / बी.एससी. ऑनर्स बागवानी / बी.एससी. ऑनर्स कृषि अथवा एम.एससी. (खाद्य विज्ञान) |
| 5. | कार्य अनुभव : | फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए केवल महिला क्वालीफाइड और अनुभवी रिसोर्स पर्सन की आवश्यकता (अचार बनाना, जैम, ड्राईंग, कैनिंग और अन्य प्रसंस्करण तकनीक) फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण में महिला समूहों के साथ कार्य करने का न्यूनतम तीन वर्षीय अनुभव होना चाहिए। |
| 6. | वेतन : | विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप। |
| 7. | आवेदन तिथि : | अन्तिम तिथि : 25.06.2025 (दस्ती तौर पर कार्यालय में अप. 3:00 बजे तक) |
| 8. | चयन प्रक्रिया : | केवल शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। |

इच्छुक उम्मीदवारों को खाद्य प्रौद्योगिकी, सिरसा को रोल के लिए उपयुक्तता और उनके अनुभव बताने वाले एक कवर लैटर सहित सत्यापित छायाप्रतियों के साथ अपने दस्तावेज जमा करवाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। किसी विवरण हेतु कृपया खाद्य प्रौद्योगिकी लैब, सिरसा के कार्यालय में सम्पर्क करें अथवा मोबाइल नं. 9996788113 पर सम्पर्क करें। सेवा के नियम व शर्तें साक्षात्कार के समय सूचित किए जाएंगे।

फूड टेक्नोलॉजिस्ट
सिरसा

पीआरडीएच-1149/11/849/2026/35796/88/6 दि. 19.06.25


## सोनम व राज की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ी

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम और राज कुशवाहा की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ा दी गई है। दोनों को शिलांग पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हत्या की साजिश के बारे में पुलिस ने बताया कि सोनम और राज कुशवाहा ने मिलकर राजा की हत्या की योजना बनाई थी। बता दें कि राजा और सोनम दोनों हनीमून के लिए शिलांग गए हुए थे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) | पानीपत में सिविल हॉस्पीटल में मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास और एक अन्य। | 20.06.2025 26.06.2025 | 22.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण, फायर टेक. और आई.एस.एम.)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत 7 एम एंड ई मदें)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) कैथल | पीडब्ल्यू 2025-2026 के तहत कैथल निर्वाचन क्षेत्र के 2 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) कैथल-जीन्द रोड से कैथल खनौरी रोड को जोड़ने के लिए नया बाईपास (आईडी 10087) (II) कैथल जिले में कैथल देवबन रोड से गांव पेओडा (आईडी 7105)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 337.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूपी 2025-2026 (कैथल निर्वाचन क्षेत्र) के तहत 4 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) संघान से बरता रोड (आईडी 10089) (II) सजुमा ब्रिज से धुंधेरी (आईडी 10091) (III) गुहना से सिनाध (आईडी 10099) (IV) नौच कवारतान रोड से जसवंती (आईडी 11748)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 416.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | निजामपुर ब्लॉक निजामपुर - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 8 कार्य। | 17.06.2025 24.06.2025 | 216.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिला कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (स्मार्ट रोड) (ग्रुप नं. 2) में धांसु से सुलखानी रोड आरडी 0.00 से 7.00 (रोड आईडी 4842) तक रोड का मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 358.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में न्यू ओटी में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्लांट हेतु एएमसी (एयर करटेंस का प्रावधान) + 1 कार्य। | 18.06.2025 25.06.2025 | 3.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि (भ व प) करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में घरौंडा में एनसीसी अकेडमी का निर्माण (मेस ब्लॉक का बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 206.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि (भ व प) जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड्स को चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा विशेष मरम्मत, 1. हरिगढ़ से रामनगर रोड (रोड आईडी 12521), 2. निम्नाबाद से खाटला रोड (रोड आईडी 12518), 3. बगरू से राजावाली सड़क (रोड आईडी 12520), 4. पानीपत-सफीदों रोड से भुसलाना रोड (रोड आईडी 6712) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 9.82 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 12 | लोनिवि (भ व प) जीन्द | जीन्द जिले में नंदगढ़ से ढिगाना रोड (निर्वाचन क्षेत्र - जुलाना) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11859) (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 13.92 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 13 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में कि.मी. 0.000 से 5.300 तक काहनी से मोई रोड पर पुनर्निर्माण (रोड आईडी 10519) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 391.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में 3 अदद कार्य (I) रोहतक जिले में कि.मी. 3.000 से 3.500 तक पाकस्मा से मोरखेड़ी वाया कसरेंटी रोड पर सीसीपी (रोड आईडी 1890, 1898), (II) रोहतक जिले में कि.मी. 0.930 से 3.830 तक खेड़ी सांपला से दत्तौड़ रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1687) (III) रोहतक जिले में कि.मी. 0.330 से 3.000 तक सांपला डीघल रोड पर इस्माईला से बालाजी मंदिर तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 9730) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 18.06.2025 28.06.2025 | 378.63 लाख | https://dlcsupva.ac.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में 3 अदद कार्य (I) कि.मी. 0.000 से 0.400 और 2.850 से 3.065 तक जसिया से रिठाल रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1721) (II) रोहतक जिले में आरडी 0.000 से 0.965 तक वार से सुखपुरा से लाढौत रोड पर 80 मिमी आईपीबी के प्रावधान और बिछाने द्वारा मजबूतीकरण (रोड आईडी 1854) (III) रोहतक जिले में कि.मी. 0.000 से 3.96 तक लाढ़ौत से शिव मंदिर किलोई रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1855) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 434.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 16 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | 05 कार्य (I) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.820 तक घिलौड से छिछड़ाना रोड तक मजबूतीकरण (रोड आईडी-10078) (II) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 3.345 तक काहनी से घिलौड रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-1733) (III) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.100 तक किलोई से पोलंगी वाया मंढक (मंदिर) रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-9727) (IV) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.300 तक भालौट से किलोई रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-1867) (V) रोहतक जिले में गढ़ी सांपला किलोई निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.000 से 0.140 तक गांव जसिया में स्पोर्ट्स स्टेडियम अप्रोच रोड पर 80 मिमी आईपीबी का प्रावधान व बिछाने द्वारा चौड़ा करना व मजबूतीकरण (रोड आईडी-11035) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 426.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/320/35802/I/88/6 दि. 19.06.25

चिंतन

# ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती कटुता शांति में बाधक

इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध भीषण रूप लेता जा रहा है। दोनों मुल्क एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ईरान ने इजरायल में नागरिक अस्पताल को मिसाइल से निशाना बनाया तो इजरायल की चेतावनी राष्ट्र प्रमुख के वजूद को खत्म करने तक पहुंच गई। यह दोनों देशों के बीच बढ़ रही अदावत का परिचायक है। इजरायल व ईरान के बीच युद्ध समाप्त कराने के लिए ताकतवर देश की ओर से किसी भी स्तर पर कूटनीतिक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। उल्टे उत्तेजना से भरे बयान आ रहे हैं। जो अमेरिका रूस व यूक्रेन जंग से तंग आकर इसे समाप्त कराने की दिशा में पहल कर रहा था, वही अब ईरान व इजरायल जंग को हवा देने में लिप्त है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को चेतावनी भरे बयान कहीं से भी अमेरिकी राष्ट्रपति की गरिमा और कूटनीति की मर्यादा के अनुरूप नहीं हैं। पश्चिम एशिया में जारी इस जंग में विश्व दो ग्रुप में भी बंटता दिखाई दे रहा है। अमेरिका खुले तौर पर इजरायल का साथ देने का ऐलान कर रहा है, वह सैन्य साजो-सामान से तेल अवीव की मदद कर रहा है और ईरान को बुरे अंजाम के प्रति चेता रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ईरान के साथ हैं और युद्ध जल्द खत्म करने के पक्ष में हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इजरायल व ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने में भूमिका निभाने की बात कही है। अमेरिका व इजरायल किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने की अपनी योजना पर अड़े हुए हैं। ईरान के साथ अगर इजरायल का युद्ध लंबा खिंचता है तो विश्व के अधिकांश देशों के लिए ऊर्जा का संकट पैदा हो सकता है। बेशक ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध हो, लेकिन ईरान कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। चीन बड़ा खरीदार है। इसलिए चीन की कोशिश जंग को जल्द से जल्द खत्म कराने की है, रूस भी यही चाहता है कि जंग जारी न रहे, लेकिन अमेरिका लंबी योजना लेकर चल रहा है। इसलिए उसने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती को बढ़ाया है, ताकि ईरान के खिलाफ पाक के सैन्य बेस का इस्तेमाल हो सके। इसी के साथ पाकिस्तान को ईरान खेमे में जाने व उसे मदद करने की संभावना को भी यूएस ने रोक दिया है। पाकिस्तान अमेरिका की चाल समझे या नहीं, पर ट्रंप ने पाक जनरल असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर सोची समझी कूटनीतिक चाल चली है। अमेरिका को सऊदी अरब, कतर, यूएई, जॉर्डन, मिस्त्र आदि देशों में अपने सैन्य बेस की बढ़त है। हमास के आतंकी हमले से शुरू सैन्य संघर्ष ने इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध का रूप ले लिया है। इजरायल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ईरान ने अपने प्रायोजित आतंकी गुटों हमास, हिजबुल्लाह व हूती के जरिये इजरायल को घेर रखा है। भारत ने हमेशा शांति की अपील की है और वार्ता के जरिये मुद्दों को हल करने की बात कही है, लेकिन ईरान व इजरायल के बीच युद्ध में अमेरिका इस तरह से कूदा हुआ है कि हाल-फिलहाल वार्ता की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। रूस खुद युद्ध में लिप्त है, तो वह किस मुंह से शांति का पैगाम देगा। चीन की प्राथमिकता भी निष्पक्ष नहीं है, भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष में वह खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में आ गया था। इसलिए वह भी नैतिक रूप से शांति का पैरोकार नहीं है, अभी भी वह ईरान के पक्ष में है। ईरान व इजरायल को युद्ध छोड़ वार्ता के टेबल पर आना चाहिए और बाहरी प्रभावों से मुक्त होना चाहिए, वरना बढ़ती कटुता शांति में बाधा बनती रहेगी।



जी-7 समिट

विकेश कुमार बडोला

गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। यह सम्मेलन केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है।

# युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके

कनाडा के कनानैस्किस, अल्बर्टा में 17 जून को आयोजित जी-7 का 51वां सम्मेलन कई वैश्विक समस्याओं के समाधान, विश्व में शांति, स्थिरता के उपादान व संतुलित विकास कार्यक्रम संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यमंच के रूप में अपेक्षित था, किंतु इस दिशा में गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। अमेरिका, जर्मनी, जापान, फ्रांस, इंग्लैंड, इटली व कनाडा ने हालांकि समूह के सामूहिक वक्तव्य के रूप में ये अवश्य कहा है कि इजरायल को अपनी रक्षा का अधिकार है और वे उसकी सुरक्षा के लिए अपना समर्थन प्रकट करते हैं, किंतु नवीनतम वैश्विक कूटनीति को देखकर तो यही प्रतीत होता है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक ध्वस्ताधूत करने के लिए धरातल पर उसका सैन्य-सहयोग करने या न करने, कब व किस स्तर पर करने का अंतिम निर्णय अमेरिका को छोड़ शेष छह देशों के हाथों में है ही नहीं। समूह ने पूरे मध्य पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है।

समूह ने खुलकर ये भी कहा है कि ईरान जो है वो क्षेत्रीय अस्थिरता एवं आतंक का मुख्य स्त्रोत है। अपने पहले कार्यकाल से ही अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ट्रंप द्वारा बारंबार ये दावा किया जाता रहा है कि ईरान के पास परमाणु कार्यक्रमों की विस्तृत योजना है और उसने कुछ परमाणु बम बना भी लिए हैं। लेकिन चूंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम स्वतंत्र रूप में चला आ रहा है और इसमें अमेरिका की ओर से सहयोग, रखरखाव, अनुरक्षण और परमाण्विक प्रौद्योगिकी या तकनीक हस्तांतरण के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं है, इस बिंदु पर अमेरिका आरंभ से ही असहज था। वह मध्य पूर्व के अपने क्षेत्रीय सहयोगी इजरायल के माध्यम से किसी तरह ईरान के परमाणु ठिकानों, कार्यक्रमों और इनसे जुड़े हुए वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, सैन्य प्रमुखों तथा नेताओं को खत्म कर देना चाहता था। लेकिन नव अमेरिकी शासन में राष्ट्रीय गुप्तचर निदेशक तुलसी गेबार्ड के इस वक्तव्य ने ईरान के संदर्भ में स्वयं अमेरिका, इजरायल और विश्व के दूसरे देशों के लिए ऊहापोह की स्थितियां उत्पन्न कर दी हैं कि ईरान के पास कोई परमाणु कार्यक्रम नहीं है और उसके सर्वोच्च नेता ने नया परमाणु कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किया है। ऐसा ही वक्तव्य अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को छोड़ समूह सात के अन्य राष्ट्र प्रमुखों का भी है।

उनके अनुसार वे लगातार स्पष्ट कर रहे हैं कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता। इस परिस्थिति में ईरान और उसके परमाणु हथियारों के संबंध में सत्य व असत्य के दो पक्ष उभर आए हैं। इसके आलोक में पहला प्रश्न ये उभरता है कि जब ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं थे या हैं, तो वह गत आठ-दस वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रतिकार के लिए क्यों ये धमकी देता रहता था कि वह परमाणु शक्ति से संपन्न है



और अमेरिका या किसी भी अन्य देश से अपनी स्वायत्तता की सुरक्षा भलीभांति कर सकता है। दूसरा प्रश्न ये है कि यदि वास्तव में उसका कोई परमाणु कार्यक्रम था ही नहीं, तो उसने इस संदर्भ में अमेरिका को आवश्यक सूचनायें व जानकारियां क्यों नहीं दीं। अमेरिकी राष्ट्रपति को प्राप्त होने वाली कोई भी गुप्तचर सूचना व्यर्थ नहीं हो सकती है और ना ही इजरायल की राष्ट्रीय गुप्तचर एजेंसी मोसाद को हलके में लिया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति और मोसाद के नेतृत्व में इजरायल का प्रामाणिक दावा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अधिक सीमा तक आगे बढ़ चुका है और उसने कुछ परमाणु बम, हथियार, मिसाइलें बना भी ली हैं और वह उन्हीं के प्रभाव में अमेरिका पर हमला करने तथा इजरायल का अस्तित्व समाप्त करने की धमकियां देता रहा है। और अंततः ईरान की इसी अकड़ को तोड़ने के लिए इजरायल ने उसके चिन्हित सैन्य व परमाणु ठिकानों पर छह दिन पहले हवाई हमले आरंभ कर दिये थे, जिसके बाद अभी भी दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइलों, ड्रोनों से लगतार हमले किये जा रहे हैं। इस संघर्ष में जहां ईरान में 400 से अधिक तो इजरायल में 50-100 के लगभग लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत इजरायल हवाई हमलों से ध्वस्त दूसरे नगरों को छोड़कर अन्य देशों में जाने वाले ईरानियों व विदेशी नागरिकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय प्रधानमंत्री ने कनाडा में आयोजित समूह सात के सम्मेलन में सम्मिलित होने से पहले क्रोएशिया व साइप्रस में भी अपने कूटनीतिक पड़ाव डाले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कनाडा में कनाडा तथा अन्य छह राष्ट्र प्रमुखों के साथ प्रमुख बिंदुओं पर उपयोगी विचार-विमर्श की तुलना में मोदी के लिए क्रोएशिया व साइप्रस में रुकना अधिक लाभदायी रहा। दुनिया, भारत-अमेरिका को अपेक्षा थी कि जी-7 में ट्रंप व मोदी की भेंट से वैश्विक अस्थिरताओं के संदर्भ में कुछ समाधानमूलक कार्यबिंदु निकलेंगे, किंतु ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रौंदते भारत को युद्ध समाप्त करने के लिए मनवाने का 14 बार दावा कर चुके ट्रंप का मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ही बीच में जी-7 की बैठक छोड़ इजरायल-ईरान के युद्ध के संदर्भ में आवश्यक निर्णय लेने वाशिंगटन जाने का बहाना, समूह सात की समग्र कार्यनीतियों के समक्ष भावी अनिर्णय की स्थिति छोड़ गया।

संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। वैसे भी चीन, भारत का नई आर्थिक शक्तियों के रूप में उभरने के बाद समूह सात की व्यावहारिक उपयोगिता वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जा रही है। इटली, कनाडा, जापान, इंग्लैंड व फ्रांस से बड़ी आर्थिक शक्तियां तो एशिया के भारत व चीन हैं। ऐसे में समूह सात अब केवल अमेरिका व जर्मनी के प्रतिनिधित्व के साथ प्रासंगिक नहीं रह सकता। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन तो वैसे भी समूह सात, समूह बीस, संयुक्त राष्ट्र, इत्यादि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के प्रति अपने पहले व पिछले कार्यकाल में भारी हतोत्साहना प्रदर्शित कर ही चुका है। ऐसे में कनाडा में संपन्न 51वें समूह सात सम्मेलन में विश्व के लिए कुछ ठोस और उपयोगी कार्यक्रम निर्धारित करने की परिस्थिति बनी ही नहीं है। कह सकते हैं कि यह सम्मेलन केवल और केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है। बता दें कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 के नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को गति देने का आग्रह किया और इसे ''बढ़ावा देने और समर्थन'' देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण

डॉ. रमेश ठाकुर



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर किफायती होगी नई टोल भुगतान नीति

टोल टैक्स पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफा फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल में आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साझा की। नए नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियायत मिल पाएगी? गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा सरकार के खजाने में जाता है। वित्तीय वर्ष-2024 में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपये से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो? केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेतहाशा इजाफा हुआ, जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपये का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक सालभर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, इसमें एक पेंच फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच होती है। 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रुपये ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर पर होगा। योजना की एक अच्छी बात ये है कि चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेशर पड़ा है। रोज कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है। अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य के प्रति जागने में ही 'जीवन की महत्ता'



संकलित

दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

## मृत्यु टाले नहीं टलती




संकलित

प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़यिा कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोले- गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसात में सावधान- सतर्क रहने की जरूरत

पहाड़ी इलाकों में बरसात कभी-कभी पर्यटकों की जान पर भारी पड़ जाती है। देश में बरसात का मौसम अपने पूरे यौवन पर आ रहा है। ज्यादा बारिश होने से पहाड़ियों की मिट्टी कमजोर पड़ जाती है जिस कारण पहाड़ियों के खिसकने की संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती है। सडक़ों का भी ऐसा ही हाल बेहाल हो जाता है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे पहाड़ी राज्यों में ऐसी स्थिति होती है। इसलिए इस मौसम में इन पहाड़ी क्षेत्रों में जाने से पर्यटकों को परहेज करना चाहिए। और वहां के स्थानीय लोगों को भी पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वो इन पहाड़ी इलाकों में आने वाले पर्यटकों पर कड़ी नजर रखें। कुछ पर्यटक खतरनाक क्षेत्रों में सेल्फी और रील्स लेने की कोशिश भी करते हैं, जो कि उनकी जान पर भारी पड़ सकता है।

*- संतोष ठाकुर, बसना*

ट्रेंड

### कश्मीर की असली आत्मा



पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले की जगह का दौरा किया और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की, जिन्होंने इस क्षेत्र को फिर से जीवंत बना दिया है और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की लय में ला दिया है। यही कश्मीर की असली आत्मा है।

**- गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### सहयोगात्मक प्रयास



गोवा प्रौद्योगिकी संघ की नवगठित प्रबंध समिति के साथ राज्य में अधिक रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की योजना बनाने के लिए उपयोगी चर्चा हुई।

**- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाएंगे



सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर संकल्प लें कि इसके उन्मूलन के प्रयासों में योगदान देकर स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनेंगे।

**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, गोवा**

### सिख धर्म के प्रति सम्मान



मैंने पावंटा साहिब में आयोजित जनसभा में किसी भी समुदाय विशेष के बारे कोई भी टिप्पणी नहीं की है। मेरी गुरु गोविन्द सिंह के प्रति अगाध श्रद्धा है और सिख धर्म के प्रति बहुत सम्मान है। अतः मेरी बात को ग़लत तरह से न लिया जाए।

**- जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हप्र**

करंट अफेयर

## म्यांमार के गृहयुद्ध में उतरे रोहिंग्या मुस्लिम



म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध ने सबसे ज्यादा प्रभाव रखाइन राज्य पर डाला है। रखाइन में बीते महीनों में अराकान आर्मी (एए) ने लगातार जुंटा शासन के खिलाफ बढ़त बनाई है और राज्य के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। एए का रुख स्थानीय रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ रहा है। इसकी वजह से रोहिंग्याओं को बड़ी तादाद में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कई विद्रोही समूह रखाइन में एए के खिलाफ लड़ाई में जुंटा के साथ शामिल हो गए हैं। इससे बांग्लादेश में शरण लिए रोहिंग्याओं का संकट बढ़ सकता है। बांग्लादेश में ही ये गुट लड़ाकों की भर्ती कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) की एक नई रिपोर्ट कहती है कि रोहिंग्या विद्रोही समूहों ने रखाइन के लिए लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों को नियंत्रित करने के लिए वर्षों से चल रहे युद्ध को रोक दिया है। ये गुट जुंटा सैनिकों या संबद्ध मिलिशिया के साथ एए के खिलाफ लड़ रहे हैं। म्यांमार में रखाइन राज्य में पिछले 18 महीनों में सैन्य सरकार ने सबसे अधिक जमीन खोई है। अराकान आर्मी ने उत्तरी रखाइन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है और पूरे राज्य पर कब्जा करने की तैयारी में है।

ऑफ बीट

## आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



रोहतक। राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित छठी गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का हाथ मिला कर शुभारंभ करते भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु, पूर्व ओलंपियन अखिल कुमार व साई के डायरेक्टर सचिन। *फोटो : हरिभूमि*





## राजीव गांधी खेल परिसर में शुरू हुए मुकाबलों में भाग लेंगे 800 से अधिक बॉक्सर

# छठी जूनियर ब्वॉयज-गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आगाज

### मुक्केबाजी में नाम कमा रहे देश के खिलाड़ी: धर्मबीर सिंह

### चैंपियनशिप का 25 जून को होगा समापन, खूब चलेंगे पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का गुरूवार को रोहतक में शुभारम्भ हुआ। राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में इस चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में देश भर के सभी राज्यों के लड़के व लड़कियां विभिन्न भार वर्ग में भाग ले रही हैं। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद धर्मबीर सिंह ने किया। इसका आयोजन हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से किया गया है। यह चैंपियनशिप 25 जून तक चलेगी। जिसमें में 700 से अधिक मुक्केबाज, तकनीकी अधिकारी, कोच व रैफरी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह ने बॉक्सर्स की हौसला अफजाई की। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि इस प्रतियोगिता में देश के हर राज्य से बॉक्सर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए बॉक्सिंग नया खेल है, इसके बावजूद भारतीय मुक्केबाज बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को भी बॉक्सिंग संघ को पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु को बधाई दी। वहीं, पूर्व ओलंपियन अखिल कुमार ने बॉक्सर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बॉक्सर्स में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए। इसी के साथ अखिल कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या पर भी चिंता जताई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रोहतक की तर्ज पर भिवानी में भी नेशनल बाक्सिंग अकादमी स्थापित होनी चाहिए क्योंकि भिवानी के मुक्केबाजों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर बीएफआई के चेयरमैन अजय सिंह, साई के डायरेक्टर सचिन, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार तथा रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा मौजूद रहे। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय शिविर के लिए मुक्केबाजों का चयन किया जाएगा, जो बाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।*

#### लड़कियों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम**
प्रियांशी सैनी
एम नंदनी
मोनिका डोले
क्रिशमिरा देवी
**46 से 48 किलोग्राम**
तारह यारम
सुहानी बोराडे
गिताली पेगू
सुमन पाटिल
**48 से 50 किलोग्राम**
सिमरन
भक्ति
लिथारसना वी
अध्या एन
**50 से 52 किलोग्राम**
अशमा मुजावर
सुनैना
राधिका
जागृति कुमारी
**52 से 54 किलोग्राम**
नमिता सिंह
सुकशिता सी
निशा हलदार
**54 से 57 किलोग्राम**
सुहानी यादव
पूजा
**57 से 60 किलोग्राम**
इशिका
हर्षिका
चेतन्या
गजल
**60 से 63 किलोग्राम**
जानवी
**75 से 80 किलोग्राम**
अक्षरा भारद्वाज
**80 से ज्यादा-किलोग्राम में**
साधना एस

#### लड़कों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम**
सूरज कुमार यादव
**46 से 48 किलोग्राम**
जस्टिन एम
रिद्धम शर्मा
अम्बेकर
वीके प्रणव
फलक
**48 से 50 किलोग्राम**
दिव्यांश यादव
अमन पंवार
अमन देव
लांचेबा सिंह
**50 से 52 किलोग्राम**
रिवांशु गौड़
याहया खान
लवसन सिंह
आदित्य
मंथोइबा
**52 से 54 किलोग्राम**
आशिन
श्रीविष्णु जीएम
मिर्जा अली बेग
एसडी सिंह
**54 से 57 किलोग्राम**
अध्विन
बी संजय
करूंघ
फरदीन
**57 से 60 किलोग्राम**
साहिल दुहन
**60 से 63 किलोग्राम**
अभिषेक कुमार
येला यशवंत चीना
लक्ष्य बलहारा
जी सुनिल कुमार
**63 से 66 किलोग्राम**
कैफ खान
कार्तिक बसे
**70 से 75 किलोग्राम**
रोवान जोसफ
**75 से 80 किलोग्राम**
साई कृष्णा

### खबर संक्षेप

#### विश्व कप की मेजबानी के लिए हुआ समझौता

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए गुरुवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है जिससे भविष्य के स्टार निकलते हैं।

#### सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में, पदक किया पक्का

**कुचिंग (मलेशिया)।** भारतीय खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप 2025 में सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में 45वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जोआचिम चुआ को 3-0 (11-7 11-6 11-6) से हराया। सेंथिलकुमार अब सेमीफाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय लाउ त्स क्वान से खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले चरण में मलेशिया के एनजी ईन यो से हारने के बाद रजत जीता था।

## अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया भारत

# शुभ मन से नए युग का आगाज आज भारत-इंग्लैंड के बीच होगी टेस्ट जंग

एजेंसी ▶▶ लीड्स

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है।



**प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 3.30 बजे से**

#### पिच बल्लेबाजों की मददगार

भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

#### भारतीय आक्रमण मजबूत

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है।

#### इंग्लैंड के गेंदबाज कमजोर

कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

#### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

### पेरिस डायमंड लीग

## सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶ पेरिस



नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी। वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

■ सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था।

#### अन्य प्रतिद्वंद्वी भी 90 मीटर पार

चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 17 साल बाद बदला ट्रॉफी का नाम

**ट्रॉफी में सचिन का कवर ड्राइव और एंडरसन की सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि अंकित**

एजेंसी ▶▶ लंदन



सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को नई 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' का अनावरण किया। भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में जीतने वाली टीम को यह ट्रॉफी दी जाएगी। इससे पहले इस ट्रॉफी को पटौदी ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत 2007 में हुई थी। पटौदी सीनियर इंग्लैंड और भारत के लिए क्रिकेट खेले थे। वहीं टाइगर पटौदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी। ट्रॉफी में तेंदुलकर के प्रतिष्ठित कवर ड्राइव और एंडरसन के सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि के साथ-साथ दोनों महान क्रिकेटरों के साइन हैं। दोनों क्रिकेट बोर्डों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच एक संयुक्त पहल है, जो अब इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाली सभी भविष्य की टेस्ट सीरीज का प्रतिनिधित्व करेगी।

#### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन।** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामिंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया। इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था।



### सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 5-1 से हराया

## एशिया कप के पांच फाइनल मैच में पहुंचे भारतीय तीरंदाज

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा।


विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त



ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। शानमुखी और कुशाल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय मिश्रित जोड़ी ने भी इंडोनेशिया की नूरिसा डियान अशरीफा और प्राइमा विष्णु वर्धना को एक रोमांचक सेमीफाइनल में 155-154 से हराकर एक और पदक पक्का कर लिया।

#### चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भारतीय

भारतीय तीरंदाज चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भी शामिल हैं। महिलाओं का कंपाउंड फाइनल भारत की दो खिलाड़ियों शानमुखी और तेजल के बीच खेला जाएगा। इस तरह से इस मुकाबले में भारत का स्वर्ण पदक जीतना तय है। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में भारत स्वर्ण और कांस्य पदक दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। कुशाल का सामना स्वर्ण पदक के लिए आस्ट्रेलिया के जोशुआ महोन से जबकि सचिन चेची का सामना कांस्य पदक के लिए बांग्लादेश के हिमू बछार से होगा।




## कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकारा

# भारत में हिंसा फैला रहे हैं खालिस्तानी चरमपंथी, फंड इकट्ठा कर रच रहे साजिश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ ओटावा



आखिरकार कनाडा ने भी मान लिया है कि खालिस्तानी आतंकी कनाडा में बैठकर भारत में हिंसा फैला रहे हैं। भारत सरकार लंबे समय से यह बात कह रही है, लेकिन पूर्व की ट्रूडो सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब कनाडा में मार्क कार्नी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने माना है कि खालिस्तानी कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं।

कनाडा की खुफिया एजेंसी कनाडा सिक्योरिटी इंटेलीजेंस सर्विस (सीएसआईएस) ने अपनी एक रिपोर्ट में पहली बार आधिकारिक रूप से कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी और उनके भारत में हिंसा से जुड़ाव को स्वीकार किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा का समर्थन करने, हिंसा के लिए फंड इकट्ठा करने और हिंसक गतिविधियों की साजिश रचने में शामिल रहे हैं। सीएसआईएस ने अपनी 2024 सालाना रिपोर्ट में भारत की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं पर अपनी मुहर लगाई है और माना है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी है।

### 1980 के मध्य से हुई शुरूआत

सीएसआईएस ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि 1980 के मध्य में राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ की शुरुआत कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों से हुई, जो हिंसा के जरिए भारत के पंजाब में एक अलग देश खालिस्तान बनाना चाहते हैं। अब कनाडा में थोड़ी संख्या में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा के जरिए अपनी कोशिशों में जुटे हैं। बुधवार को ही कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा था कि उन्हें खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में 'सावधान' रहने की जरूरत है क्योंकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बता दें, मंगलवार को जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या के बारे में बात की थी। इस सवाल के जवाब में कार्नी ने कहा कि हमने इस बारे में चर्चा की। पीएम मोदी और मैंने, कानून लागू करने के लिए कानून प्रवर्तन के बीच सीधा सहयोग करने के महत्व, अंतरराष्ट्रीय दमन को संबोधित करने के महत्व के बारे में चर्चा की है। कार्नी ने कहा कि और जाहिर है कि एक न्यायिक प्रक्रिया चल रही है और मुझे आगे की टिप्पणी के बारे में सावधान रहना होगा।

### पीएम मोदी के कनाडा दौरे से बदले हालात

*कनाडा की खुफिया एजेंसी का यह खुलासा ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में पीएम मोदी ने कनाडा की यात्रा की और वे जी-7 सम्मेलन में शामिल हुए। साल 2023 में कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। कनाडा की जांच एजेंसियों ने निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता का दावा किया था। भारत ने हमेशा इससे इनकार किया। भारत ने कनाडा पर भारत-विरोधी तत्वों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। अब कनाडा में मार्क कार्नी की सरकार सत्ता में आने के बाद फिर से भारत और कनाडा के रिश्तों में मिठास आनी शुरू हो गई है।*

**ईरान ने यूएस को बीच में न आने की सलाह दी**

◆ *रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं*

# ईरान पर हमले की पूरी तैयारी, रवाना हुए अमेरिकी लड़ाकू विमान, दूतावास के लिए जारी हुआ अलर्ट



*पुतिन ने कहा कि रूस के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं और ईरान के बुशेहर में पहला परमाणु पावर प्लांट लगाने में भी रूस ने मदद की थी। रूस के 200 कर्मचारी बुशेहर में दो अन्य परमाणु प्लांट बनाने में ईरान की मदद कर रहे हैं*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध जारी है, जिसमें ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका ने स्थिति पर सख्त रुख अपनाया है और सुरक्षाबलों की तैनाती शुरू कर दी है। इसके साथ ही अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है। अमेरिका भी ईरान को चेतावनी दे रहा है और ईरान के सर्वोच्च नेता को सरेंडर करने के लिए कह रहा है लेकिन ईरान ने अमेरिका को बीच में न आने की सलाह दी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की तैयारी के मद्देनजर बड़ी संख्या में अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमान और मालवाहक विमान मध्य पूर्व रवाना किए गए हैं। अमेरिका ने और अधिक सुरक्षा बलों को सेंट्रल कमांड के संचालन क्षेत्र में तैनात कर दिया है। इसी बीच विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है।

इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी

2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे

### अमेरिका ईरान को चेता रहा है और उसे सरेंडर करने को कह रहा है



**पुतिन का मानना है...**



### शांति समझौते से परमाणु कार्यक्रम भी चलता रहेगा व इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी खत्म हो जाएंगी

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को ऐसा समझौता करा सकता है, जिससे ईरान शांतिपूर्ण तरीके से अपना परमाणु कार्यक्रम भी संचालित कर सकेगा और इजराइल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा। यह एक संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन मेरे विचार से इसका समाधान हो सकता है। रूसी राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि उन्होंने अपना प्रस्ताव ईरान, इजराइल और अमेरिका को भेज भी दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी पर भी कुछ भी नहीं थोप रहे हैं। हम बस बात करना चाहते हैं कि इस हालात में क्या रास्ता हो सकता है। कोई भी फैसला इन देशों के नेतृत्व को ही करना है। बीते हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी पुतिन ने बात की थी, जिसमें पुतिन ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की पेशकश की थी।

*इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी*

### खामेनेई पर हमला तो मिडिल ईस्ट जल उठेगा

इस बीच इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के नेतृत्व को निशाना बनाया जाता है तो क्षेत्र में अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी और सभी के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे इस युद्ध को समाप्त करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए हर संभव कोशिश करें। अल-सिस्तानी को शिया मुसलमानों में सर्वोच्च धार्मिक नेताओं में से एक माना जाता है। दुनिया भर में फॉलोअर्स हैं ।



# भारत-पाक के दो नेताओं ने सैन्य संघर्ष रोकने का 'निर्णय' लिया था : ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो ''बहुत समझदार'' नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का ''निर्णय'' लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर ''सम्मानित'' महसूस कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या मुनीर के साथ हुई बैठक में ईरान पर चर्चा की गयी, ट्रंप ने कहा, ''खैर, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह, ज्यादातर लोगों से बेहतर जानते हैं और वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि इजराइल के साथ उनके खराब रिश्ते हैं। वे असल में दोनों को जानते हैं लेकिन शायद वे ईरान को बेहतर जानते हैं लेकिन वे देख रहे हैं कि क्या चल रहा है और उन्होंने मुझसे सहमति जतायी है। ट्रंप ने कहा, ''मैं उन्हें यहां इसलिए बुलाना चाहता था कि मैं युद्ध न करने, संघर्ष खत्म करने के लिए उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ समय पहले यहां से गए हैं और हम भारत के साथ एक व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं इसलिए भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। हम पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं।

# मोदी और क्रोएशियाई पीएम प्लेंकोविक ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने का निर्णय लिया

**जगरेब (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने 'रक्षा सहयोग योजना' तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने बुधवार को मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर



भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया। मोदी ने कहा, ''हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों ''इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, ''बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है।

## इंडिया ग्लोबल फोरम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार, मजबूत होंगे रिश्ते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है। उद्योग मंत्री ने यूके और भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहा न्यायपूर्ण नहीं है, भारतीय यूके में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ने का काम करते हैं।

*भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, ब्रिटेन 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा*



### ब्रिटेन मंत्री लिसा नंदी से की मुलाकात



पीयूष गोयल दो दिवसीय यूके दौर पर हैं। वहां उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक से संबंधित पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि लीसा नंदी के साथ अच्छी चर्चा हुई। दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए अधिक अवसरों की खोज की।

### *एफटीए की चर्चा तीन वर्षों से चल रही थी*

*पीयूष गोयल ने कहा कि ऐसा नहीं है कि एफटीए का फैसला इस बार नई सरकार के आने के बाद उठाया गया है। पिछले तीन वर्षों से इस पर चर्चा चल रही थी। एफटीए के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, जिसमें 85 प्रतिशत दस वर्ष की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे। इसके बदले में ब्रिटेन ने भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ को कम करने पर सहमति जताई है। इससे 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25